वर्ष 29 अंक 95
पृष्ठ 24
बरेली, बुधवार
27 सितंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO. : 10 MIDDLE LEFT

एसआरएमएस में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

जासं, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी में मंगलवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में पक्ष और और विपक्ष दोनों में बोलने के लिए पांच मिनट का समय दिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में सूचना प्रौद्योगिकी के युग में विद्यार्थियों के लिए स्मार्टफोन आवश्यक विषय पर पक्ष में आयुषी जौहरी और विपक्ष में पलक वाटवानी पहले स्थान पर रही। वहीं वरिष्ठ वर्ग में डेटा (गोपनीयता और संरक्षण) बिल-2017 सार्वजनिक हित में है विषय पर हुई प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान साक्षी महरोत्रा और विपक्ष में आयुषी अवस्थी को मिला। संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की। अंत में विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं सभी निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।